# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

**अभिषद् की बैठक दिनांक 04.12.2025 का कार्यवृत्त**

**समयः 05:00 बजे**
**स्थानः कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष**
**माध्यमः ऑनलाईन एवं ऑफलाईन।**
**उपस्थितिः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 3. | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 4. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 6. | डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 7. | डॉ0 धनेश्वर प्रसाद सिंह(ऑनलाईन) | – | सदस्य |
| 8. | डॉ0 हरि नारायण सिंह (ऑनलाईन) | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 गुलाम सरवर (ऑनलाईन) | – | सदस्य |
| 10. | डॉ0 वीरेन्द्र कुमार चौधरी (ऑनलाईन) | – | सदस्य |
| 11. | डॉ0 अनिल कुमार चौधरी (ऑनलाईन) | – | सदस्य |
| 12. | डॉ0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 13. | डॉ0 विजय कुमार यादव, प्रभारी कुलसचिव | – | सचिव |

प्रभारी कुलसचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को गणापूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति माँगी गई। अनुमति प्राप्ति के पश्चात प्रभारी कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सभी माननीय अध्यक्ष महोदय तथा अन्य माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बैठक की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मद सं0 1 अभिषद् की बैठक दिनांक 20.09.2025, 05.10.2025 एवं 18.10.2025 के कार्यवृत्तों की संपुष्टि पर विचार।

**निर्णय : अभिषद् की बैठक दिनांक 20.09.2025, 05.10.2025 एवं 18.10.2025 के कार्यवृत्तों को सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं0 2 अभिषद् की बैठक दिनांक 20.09.2025, 05.10.2025 एवं 18.10.2025 के अनुपालन प्रतिवेदनों पर विचार।

**निर्णय : अभिषद् की बैठक दिनांक 20.09.2025, 05.10.2025 एवं 18.10.2025 के अनुपालन प्रतिवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 3 विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक–01.12.2025 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार।

**निर्णय : दिनांक 01.12.2025 को सम्पन्न हुए विद्वत परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त को अनुमोदन करने के क्रम में मद सं0 03 में लिए गये निर्णय को निम्न रूप से संशोधित करने पर सहमति बनीः**
***विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न संबद्ध ईकाईयों में सहायक प्रध्यापक की नियुक्ति हेतु चयन समिति के सदस्यों की सूची को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही, उक्त प्राध्यापकों की सूची में संशोधन यथा नाम जोड़ने, नाम हटाने इत्यादि हेतु माननीय कुलपति–सह–अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया जाता है।***
**उपरोक्त संशोधनों के साथ, विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 01.12.2025 के कार्यवृत्त को संपुष्ट किया गया।**



04/12/25

| | | |
|---|---|---|
| मद सं0 | 4 | परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक–29.11.2025 की कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार। |
| निर्णय | : | **परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक–29.11.2025 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |
| मद सं0 | 5 | वित्त समिति की बैठक दिनांक–03.12.2025 की सम्पुष्टि पर विचार। |
| निर्णय | : | **वित्त समिति की बैठक दिनांक– 03.12.2025 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |
| मद सं0 | 6 | श्री अशोक कुमार त्रिवेदी, सहायक प्राचार्य, अंग्रेजी विभाग, बी0एम0ए0 कॉलेज, बहेड़ी दरभंगा को अनुपस्थित अवधि 07.06.2006 से 28.05.2008 तक कुल 697 दिनों का असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृति करने पर विचार हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत। |
| निर्णय | : | **श्री अशोक कुमार त्रिवेदी, सहायक प्राचार्य, अंग्रेजी विभाग, बी0एम0ए0 कॉलेज, बहेड़ी, दरभंगा को अनुपस्थित अवधि 07.06.2006 से 28.05.2008 तक कुल 697 दिनों का असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर विचार किया गया। विचारोपरान्त, निर्णय लिया गया कि विधिक राय (Legal Opinion) लेते हुए इस मद को अगले बैठक में उपस्थापित किया जाय।** |
| मद सं0 | 7 | डा0 अभिषेक बंधोपाध्याय, सहायक प्राचार्य, भैतिकी विभाग, आर0बी0 कॉलेज दलसिंहसराय, समस्तीपुर को रदरफोर्ड अपलिटोन लैबरेटरी ऑक्सफोर्डसायर यूनाईटेड किंगडम द्वारा आयोजित Short-term Visiting Scientist Position के रुप में भाग लेने हेतु स्वीकृत असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोंत्तर स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **सर्वसम्मति से, डा0 अभिषेक बंधोपाध्याय, सहायक प्राचार्य, भैतिकी विभाग, आर0बी0 कॉलेज दलसिंहसराय, समस्तीपुर को रदरफोर्ड अपलिटोन लैबरेटरी ऑक्सफोर्ड सायर यूनाईटेड किंगडम द्वारा आयोजित Short-term Visiting Scientist Position के रुप में भाग लेने हेतु स्वीकृत असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।** |
| मद सं0 | 8 | विश्वेश्वर सिंह जनता महाविद्यालय, राजनगर के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को प्रतिष्ठाापित करने के संबंध में। |
| निर्णय | : | **विश्वेश्वर सिंह जनता महाविद्यालय, राजनगर के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को प्रतिष्ठाापित करने संबंधी प्रस्ताव पर विमर्श किया गया। विमर्शोपरान्त, निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय से इससे संबंधित अनुमानित व्यय, व्यय का स्रोत, महाविद्यालय का वित्तीय योगदान, स्थान चयन, आवंटन इत्यादि सहित स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त कर इसे अगले बैठक में उपस्थापित किया जाय।** |
| मद सं0 | 9 | कॉमरेड भोगेन्द्र झा सरोवर (लालबाग गेस्ट हाउस तालाब) एवं आइंस्टाईन हॉस्टल के तालाब का घाट–सह–सौन्दर्यीकरण हेतु अनापत्ति–पत्र निर्गत करने के संबंध में अभिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। |
| निर्णय | : | **कॉमरेड भोगेन्द्र झा सरोवर (लालबाग गेस्ट हाउस तालाब) एवं आइंस्टाईन हॉस्टल के तालाब का घाट–सह–सौन्दर्यीकरण हेतु अनापत्ति–पत्र निर्गत करने के संबंध में सिंडिकेट की एक पाँच सदस्यीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जो स्थल पर जा कर महाविद्यालय प्रबंधन, छात्र–छात्राओं इत्यादि से मिल कर अपना प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर समर्पित करेगी तथा उक्त प्रतिवेदन को अभिषद् की अगली बैठक में निर्णयार्थ उपस्थापित किया जायेगा। उक्त समिति में निम्नांकित सदस्य मनोनित किये गये:–**<br>**1. डॉ0 हरि नारायण सिंह, अभिषद् सदस्य,**<br>**2. श्रीमती मीना कुमारी, अभिषद् सदस्य,**<br>**3. कुलानुशासक, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा,**<br>**4. अध्यक्ष, छात्र कल्याण, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा, तथा**<br>**5. भू–सम्पदा पदाधिकारी, ल.ना.मि. विश्वविद्यालय, दरभंगा – संयोजक** |
| मद सं0 | 10 | दिनांक–13.07.2025 को आयोजित आवास आवंटन समिति की बैठक के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | : | **दिनांक–13.07.2025 को आयोजित आवास आवंटन समिति की बैठक के कार्यवृत को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |

04/12/25

| | | |
|---|---|---|
| मद सं0 11 | | **अतिरिक्त मद अगर कोई हो तो (अध्यक्ष की अनुमति से)** |
| अतिरिक्त मद सं0 | 1 | Post-facto approval of relieving Dr. Tapan Kumar Shandilya as Principal from G.D. College, Begusarai with effect from 13.10.2015. |
| **निर्णय** | : | **Post-facto approval of relieving Dr. Tapan Kumar Shandilya as Principal from G.D. College, Begusarai, w.e.f. 13.10.2015 (presently Principal T.P.S. College, Patna after IUT vide Governor's Secretariat letter no. I.U.T.-28/2010-1454/रा0स0(I) dated 12-10-2015), was unanimously accorded by the Syndicate.** |

**अन्यान्य मदः**

| | | |
|---|---|---|
| अन्यान्य मद | 1 | प्रो0 अशोक कुमार मेहता द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को सूचित किया की सुबह में जब विश्वविद्यालय कर्मी, पदाधिकारी भंडार चौक गेट से विश्वविद्यालय आते है तो होस्टल से आगे तथा विश्वविद्यालय के बी.लिस. की पढाई केन्द्र के दक्षिण मुख्य सड़क पर अधिक मोटरसाईकिल लगी रहती है, तथा लोग विभिन्न प्रकार के नशीली पदार्थ का सेवन किया करते है, शाम के समय में नशीली पदार्थ की दुर्गंध भी आती रहती है। इस समस्या के निदान हेतु सदन के समक्ष उपस्थापित। |
| **निर्णय** | : | **उक्त विषय पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित सदस्यों की एक समिति जिसमें,**<br>**अध्यक्ष, छात्र कल्याण, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा – सदस्य**<br>**कुलानुशासक, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा – सदस्य**<br>**भू–सम्पदा पदाधिकारी, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा – संयोजक**<br>**के रूप में गठित करने का निर्णय लिया।**<br>**उक्त समिति 15 दिनों के अंदर अपना प्रतिवेदन तैयार कर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन से मिलकर इस समस्या का सामाधान करेगी।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 2 | श्रीमती मीना कुमारी द्वारा प्रस्ताव की किला के सामने सें सिंह द्वार तक सड़क का निर्माण पर विचार। |
| **निर्णय** | : | **निर्णय लिया गया कि स्थानीय सांसद एवं विधायक को अनुरोध पत्र लिखा जाय। उनके द्वारा उनके ऐच्छिक कोष से सड़क निर्माण का कार्य कराया जाय।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 3 | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी तथा श्रीमती मीना कुमारी द्वारा श्री विनय कुमार झा, दैनिक वेतनभोगी कर्मी से संबंधित मामला पर विचार। |
| **निर्णय** | : | **इस प्रस्ताव पर अध्यक्ष महोदय ने उप–कुलसचिव प्रथम को इस मामले को नियमानुसार देखकर अगले बैठक में सिंडिकेट के प्रतिवेदन मे रख कर सम्मानित सदस्यों को इस पर हुए Course of Action से अवगत कराने का निर्देश दिया।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 4 | श्रीमती मीना कुमारी द्वारा प्रस्ताव की इन्द्र भवन एवं विश्वविद्यालय संगीत विभाग के समीप फिल्ड में जल–जमाव, किचड़ इत्यादि के कारण फिल्ड बर्बाद हो चुका है, का कायाकल्प करने पर विचार। |
| **निर्णय** | : | **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस हेतु एक समिति का गठन कर उसका जिर्णोद्वार एवं कायाकल्प करने संबंधी प्रतिवेदन 15 दिनों में प्रस्तुत करेंगे। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन से मिल अग्रेतर कारवाई करेंगे। इस समिति में निम्नांकित सदस्य मनोनित किये गये :–**<br>**1. डॉ0 अमर कुमार,**<br>**2. श्रीमती मीना कुमारी,**<br>**3. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी**<br>**4. अध्यक्ष, छात्र कल्याण, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा**<br>**5. भू–सम्पदा पदाधिकारी, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा – संयोजक** |
| अन्यान्य मद सं0 | 5 | डॉ0 अमर कुमार के प्रस्ताव की एस0बी0सिन्हा कमीशन का जो रिपोर्ट तैयार हो रहा है, वो कुलसचिव के द्वारा शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना को भेजी जानी है। उस रिपोर्ट को भेजने से पहले अभिषद् से पारित कराकर भेजा जाय, के संबंध में विचार। |
| **निर्णय** | : | **उक्त प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि, सिंडिकेट की एक लघु समिति बनाया जाय, जो रिपोर्ट का अवलोकन कर भेजने पर निर्णय लें और उसका घटनोत्तर स्वीकृति/ अनुमोदन हेतु अभिषद् की अगली बैठक में रखा जाय। उक्त लघु समिति में निम्नांकित** |



04/12/25

**सदस्य मनोनित किये गये :–**

1. **डॉ0 हरि नारायण सिंह,**
2. **डॉ0 अनील कुमार चौधरी,**
3. **श्रीमती मीना कुमारी,**
4. **अध्यक्ष, छात्र कल्याण, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा,**
5. **कुलसचिव, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा,**
6. **कुलानुशासक, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा – संयोजक।**

**कुलानुशासक को दिनांक 10.12.2025 को बैठक कर, उचित माध्यम एवं नियमानुसार रिपोर्ट दिनांक 11.12.2025 को भेजने हेतु निदेशित किया गया।**

| | | |
|---|---|---|
| अन्यान्य मद सं0 | 6 | खेल पदाधिकारी, ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा ने सदन को बहुत ही हर्ष के साथ सूचित किया कि खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स 2025 में ल.ना.मि.विश्वविद्यालय, दरभंगा की महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाईनल मुकाबले मे गुरू काशी विश्वविद्यालय, पंजाब को रोमांचक मुकाबले में 46–45 से हराकर फाईनल में प्रवेश कर लिया है। इस सूचना के पश्चात सदन में हर्ष का मोहौल व्याप्त हुआ और सभी सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष महोदय को साधुवाद देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। |

माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों को बैठक के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग, महत्त्वपूर्ण सुझाव तथा कीमती समय दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**(प्रो0 विजय कुमार यादव)**
**प्रभारी कुलसचिव–सह–सचिव**

**(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)**
**कुलपति–सह–अध्यक्ष**

**ज्ञापांक :– UB-825/25** **दिनांक–04.12.2025**

**प्रतिलिपि प्रेषित–**

1. **अभिषद् के सभी सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

**को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।**

04/12/25
**कुलसचिव**

04/12/25